# उत्तरी अमेरिका

1. **उत्तर अमेरिका महाद्वीप की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
**1. इस महाद्वीप की जलवायु दक्षिण में ऊष्ण तथा उत्तर में शीत है।**
**2. ठंडी धाराओं के प्रभाव के कारण तटीय क्षेत्र महाद्वीप के आंतरिक भागों की तुलना अधिक गर्म रहते है।**
**3. संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण-पश्चिम तथा मेक्सिको के उत्तर-पश्चिमी भाग उष्ण कटिबंधीय मरुस्थल हैं।**
**4. यहाँ तापमान दक्षिण से उत्तर की ओर घटता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

2. **"यहाँ जलवायु बहुत ठंडी और कठोर है। यहाँ शीत ऋतु लंबी होती है तथा आठ से नौ माह तक बर्फ जमी रहती है। यह स्थायी तुषार भूमि का क्षेत्र है अर्थात् यहाँ की अवमृदा सदैव जमी रहती है।" उत्तर अमेरिका महाद्वीप की जलवायु के संदर्भ में उपुर्यक्त विशेषताएँ महाद्वीप के किस भाग से सम्बन्धित है?**
(a) टुंड्रा क्षेत्र
(b) टैगा क्षेत्र
(c) मरुस्थलीय क्षेत्र
(d) विषुवतीय क्षेत्र

3. **उत्तर अमेरिका महाद्वीप में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) उष्ण कटिबंधीय वन – मिश्रित वन – शंकुधारी वन- काई और लाइकेन
(b) काई और लाइकेन – शंकुधारी वन – मिश्रित वन- उष्ण कटिबंधीय वन
(c) शंकुधारी वन – काई और लाइकेन- मिश्रित वन – उष्ण कटिबंधीय वन
(d) मिश्रित वन – उष्ण कटिबंधीय वन – शंकुधारी वन – काई और लाइकेन

4. **उत्तर अमेरिका महाद्वीप के आंतरिक भागों में पाई जाने वाली घास भूमियाँ निम्नलिखित में से किस नाम से जानी जाती है-**
(a) सवाना
(b) डाउंस
(c) प्रेयरीज
(d) वेल्ड

5. **उत्तर अमेरिका महाद्वीप में कैलिफोर्निया पश्चिमी तट पर निम्नलिखित में से कौन-सी जलवायु पाई जाती है?**
(a) भूमध्य सागरीय
(b) विषुवतीय
(c) टुंड्रा
(d) मरुस्थलीय

6. **निम्नलिखित में से कौन-से उत्तर अमेरिका महाद्वीप की सम्पन्नता और औद्योगिक विकास का मुख्य कारण रहे हैं?**
**1. विशाल प्राकृतिक संसाधन**
**2. उच्च स्तर की प्रौद्योगिकी का उपयोग**
**3. प्रशिक्षित कुशल श्रमिक**
**कूट:-**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

7. **उत्तर अमेरिका महाद्वीप में उत्पादन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. इसका प्रेयरी क्षेत्र गेहूँ उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है।**
**2. यह विश्व का न्यूनतम मक्का उत्पादन करता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सही हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

8. **उत्तर अमेरिका महाद्वीप में पशुपालन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**1. मांस देने वाले पशुओं को अधिक वर्षा वाले भागों में, जबकि दुधारू पशुओं को अपेक्षाकृत शुष्क भागों में पाला जाता है।**
**2. महाद्वीप के आंतरिक भाग में स्थित प्रेयरी की विस्तृत घास भूमियाँ तथा पर्वतीय चारागाहों पर बड़ी संख्या में पशुपालन किया जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**9. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के वनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. शंकुधारी वन मुलायम लकड़ी के बहुत बड़े स्त्रोत हैं।**
**2. पर्णपाती वनों की पत्तियाँ चौड़ी होती हैं।**
**3. उष्ण कटिबंधीय वर्षा वनों से अच्छी किस्म की कठोर लकड़ी मिलती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**10. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के खनिज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. विश्व में खनिजों के सबसे बड़े भंडारों में से एक कनाडियन शील्ड है।**
**2. सोना मुख्यत: कनाडा के ओंटेरियो से निकाला जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**11. संयुक्त राज्य अमेरिका में सर्वप्रथम तेल कुआँ निम्नलिखित में से कहाँ खोदा गया था?**
(a) अलास्का
(b) पेंसिलवेनिया
(c) कैलिफोर्निया
(d) मैक्सिको

**12. उत्तर अमेरिका महाद्वीप के जल परिवहन मार्गों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. मिसीसिपी और सेंट लॉरेंस नौ संचालन के योग्य बड़ी नदियाँ हैं।**
**2. पनामा नहर प्रशांत और अटलांटिक महासागरों को जोड़ती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा/से संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी छोर पर अवस्थित है/हैं?**
**1. रॉकी पर्वत**
**2. अप्लेशियन पर्वत**
**3. कैसकेड श्रेणी**
**4. सियरा नेवादा श्रेणी**
**5. माउंट ह्विटने शिखर**
**कूट:**
(a) केवल 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3, 4 और 5
(d) केवल 2 और 5

**14. संयुक्त राज्य अमेरिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. क्षेत्रफल के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा देश है।**
**2. इसकी मध्यवर्ती निम्न भूमियाँ इसका सबसे बड़ा उपजाऊ भाग है।**
**3. गिरिपद (पीडमॉण्ट) पठार अप्लेशियन पर्वत के दोनों ओर स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**15. संयुक्त राज्य अमेरिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(a) इसके मध्यवर्ती निम्न भूमियों की जलवायु महाद्वीपीय है।
(b) इसके दक्षिण-पूर्वी भाग में मुख्य रूप से मेक्सिको की खाड़ी व अटलांटिक महासागर से आने वाली गर्म और आर्द्र पवनों के द्वारा वर्षा होती है।
(c) यहाँ उत्तर-पूर्वी भाग में इसके पश्चिम की ओर से आने वाली पवनों से भारी वर्षा होती है।
(d) ग्रेट बेसिन तथा कोलोरैडो पठार मरुस्थल हैं।

**16. निम्नलिखित में से संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यवर्ती निम्न की प्राकृतिक वनस्पति कौन-सी है?**
(a) प्रेयरी घास
(b) शंकुधारी वन
(c) मिश्रित वन
(d) मरुस्थलीय वनस्पतियाँ

**17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (संयुक्त राज्य अमेरिका) | | सूची-II(क्षेत्र) | |
|---|---|---|---|
| A | लौह अयस्क | 1 | टेक्सास |
| B | कोयला | 2 | सुपीरियर झील |
| C | खनिज तेल | 3 | मेक्सिको की खाड़ी |
| D | प्राकृतिक गैस | 4 | अप्लेशियन क्षेत्र |

**कूट:-**
(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-2,**B**-4,**C**-3,**D-1**
(d) **A**-1,**B**-2,**C**-3,**D**-4

**18. संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रसिद्ध नगर 'डेट्रॉयट' निम्नलिखित में से किसका प्रमुख केंद्र है?**
(a) लौह-इस्पात उद्योग
(b) तेल शोधन
(c) वस्त्र उद्योग
(d) मोटर गाड़ी उद्योग

**19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1. दंतुरित तटरेखा-एक लंबी और बहुत टेढ़ी-मेढ़ी तटरेखा, जिनमें क्रमश: अनेक छोटी-छोटी सँकरी खाड़ियाँ और अंतरीप होते हैं।**
**2. बर्फानी तूफान – बहुत तेज़ और अत्यंत ठंडी पवन, जिसके साथ हिमपात होता है और जो विशेष रूप से ध्रुवीय क्षेत्रों में चलती है।**
**3.लंबरिंग – वनों में की जाने वाली क्रियाओं, जैसे-वृक्षों को काटकर गिराना, लट्ठे बनाना और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना आदि का सामूहिक रूप।**
**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**20. कनाडा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है।**
**2.ग्रीनलैंड इस देश का ध्रुवीय भाग है।**
**3.यहाँ की तटरेखा बहुत ही दंतुरित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**21. कनाडा में अवस्थित कनाडियन शील्ड के एक भाग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यह कठोर चट्टानों से बना एक नीचा पठारी क्षेत्र है।**
**2. यहाँ खेती करना अत्यंत सरल है।**
**3. यह धात्विक खनिजों से संपन्न है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**22. कनाडा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. ग्रेट लेक्स और सेंट लॉरेंस नदी की निम्न भूमियाँ यहाँ के सबसे उपजाऊ क्षेत्र है।**
**2. लैब्राडोर प्रायद्वीप के पठार वस्तुत: अप्लेशियन पर्वतों के ही विस्तार हैं।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**3. सेंट लॉरेंस नदी रॉकी पर्वत से निकलती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**23. कनाडा के आंतरिक मैदानों और कॉर्डिलेरा प्रदेश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यहाँ के प्रेयरी मैदानों की ऊँचाई रॉकी पर्वत की ओर बढ़ती जाती है।**
**2.कॉर्डिलेरा पर्वत श्रेणियों की घाटियों में कृषि मुख्य व्यवसाय है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**24. कनाडा की जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यहाँ की जलवायु सामान्यत: उष्ण है।**
**2. यहाँ शीत ऋतु लंबी और बहुत ही ठंडी होती है।**
**3. यहाँ शीत ऋतु में बर्फानी तूफान चलते है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**25. कथन (A): कनाडा के पश्चिमी भाग की जलवायु पूर्वी भाग की तुलना में अधिक मृदुल है।**
**कारण (R): उत्तरी प्रशांत प्रवाह कनाडा के तटीय भागों को कोष्ण रखता है।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और दोनों सही हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

**26. कनाडा की वनस्पति पेटियाँ निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?**
**1.टुंड्रा 2.टैगा**
**3. प्रेयरी 4.सवाना**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 2, 3 और 4

**27. कनाडा की कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसके कुल क्षेत्रफल का 10 प्रतिशत से कम भाग ही कृषि योग्य है।**
**2. नोवास्कोशिया सेब के बड़े-बड़े बागों के लिए जाना जाता है।**
**3.प्रेयरी क्षेत्र के शुष्क भागों में पशुपालन एक मुख्य व्यवसाय है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त सभी

**28. मत्स्य उत्पादन का प्रसिद्ध क्षेत्र न्यू फाउंडलैंड निम्नलिखित में से किसके अधीन है?**
(a) कनाडा
(b) मेक्सिको
(c) चीन
(d) डेनमार्क

**29. कनाडा के खनिजों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. यहाँ लौह अयस्क के सबसे बड़े निक्षेप लैब्राडोर-क्यूबेक सीमा पर पाए जाते हैं।**
**2. अल्बर्टा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का उत्पादन होता है।**
**3.प्रशांत महासागर और अटलांटिक महासागर के तटीय प्रदेशों से कोयला निकाला जाता है।**
**4. यहाँ बॉक्साइड नहीं पाया जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2



उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल1, 2, 3 और 4

**30. एस्बेस्टस का प्रमुख उपयोग निम्नलिखित में से किसमें किया जाता है?**
(a) अग्निरोधक वस्तुएँ बनाने में
(b) आभूषण बनाने में
(c) विद्युत तार बनाने में
(d) सीमेंट बनाने में

**31. कनाडा के उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. ओंटेरियो में मोटरगाड़ी तथा बिजली उपकरण उद्योग प्रमुख हैं।**
**2.टोरंटो और मॉण्ट्रियल यहाँ के प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र हैं।**
**3.क्यूबेक प्रांत में जल शक्ति के अच्छे संसाधनों से यहाँ उद्योग को बढ़ावा मिला है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**32. कनाडा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. क्षेत्रफल की दृष्टि से कनाडा भारत से दोगुना बड़ा है।**
**2.टोरंटो कनाडा का सबसे बड़ा नगर है।**
**3.क्यूबेक कनाडा की राजधानी है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213